भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2294

सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**आध्यात्मिक सर्किटों से संबंधित परियोजनाएं**

**2294. श्रीमती केशरी देवी पटेल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आध्यात्मिक सर्किटों से संबंधित किन-किन परियोजनाओं पर विकास कार्य किए जा रहे हैं और तत्संबंधी विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है तथा रामायण सर्किट में किए जा रहे विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त कार्यों को निर्धारित समय के भीतर पूरा कर लिया गया है और तत्संबंधी कार्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटन के विकास के लिए प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश में वर्तमान में किन योजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं और उनका कार्य-वार ब्यौरा क्या है तथा उक्त कार्य किन संस्थाओं के द्वारा किए जा रहे हैं;

(घ) क्या उक्त कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(ड.) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) : देश में थीम-आधारित पर्यटक सर्किटों के एकीकृत विकास के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत विकास के लिए आध्यात्मिक सर्किट और रामायण सर्किट सहित 15 थीमेटिक सर्किटों की पहचान की गई है। योजना के तहत परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। पर्यटन मंत्रालय द्वारा आध्यात्मिक सर्किट और रामायण सर्किट के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-** क में दी गई है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय द्वारा कार्यान्वयन एजेंसी के विवरण के साथ 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध - ख में दिया गया है।

(घ): जी, नहीं।

(ई): प्रश्न नहीं उठता।

*******

**अनुबंध**-क

आध्यात्मिक सर्किटों से संबंधित परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 02.08.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2294 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय द्वारा आध्यात्मिक परिपथ और रामायण परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

**आध्यात्मिक परिपथ** **(राशि करोड रुपये में)**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | स्वीकृत वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | नवीनतम मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केरल | 2016-17 | जिला पथनमथीट्टा,केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रुप में सबरीमाला- पंपा - एरुमेली सन्नीधानम का विकास | 99.99 | 16% |
| 2 | मणिपुर | 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजोय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशिबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास। | 53.80 | 100% |
| 3 | केरल | 2016-17 | श्री पद्मनाभ मंदिर - अर्नामुला , सबरीमाला का विकास | 92.22 | 82% |
| 4 | बिहार | 2016-17 | कांवडिया मार्ग: सुल्तानगंज- मोजमा- बांका का समेकित विकास | 44.76 | 93% |
| 5 | उत्तर प्रदेश | 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ -1 का विकास (शाहजहांपुर -अलाहाबाद बस्ती -अहर- अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी - प्रतापगढ़ - उन्नाजव - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - कैराना - डोमरियागंज - बागपत - बाराबंकी – आजमगढ़)। | 65.61 | 95% |
| 6 | उत्तर प्रदेश | 2016-17 | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अंबेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिशरिख - भदोही का विकास | 67.51 | 94% |
| 7 | राजस्थान | 2016-17 | चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री | 93.90 | 76% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | समोदे बालाजी, घाटके बालाजी, बांधेके बालाजी) - अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरथरी) - विराटनगर (बिजक, जैन्नारसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौचड़गढ (सांवलियाजी) का विकास। | | |
| 8 | पुद्दुचेरी | 2017-18 | पुडुचेरी- कराईकल - यनम का विकास | 34.96 | 84% |
| 9 | बिहार | 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 47.52 | 79% |
| 10 | महाराष्ट्र | 2018-19 | वाकी - अडासा - धापेवाडा - परादसिंघा - छोटा ताज बाग - तेलंखंडी - गीराड का विकास | 54.01 | 32% |
| 11 | उत्तर प्रदेश | 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 | 42% |
| 12 | उत्तर प्रदेश | 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपत्तमन मंदिर (बलरामपुर) औरा वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 15.76 | 64% |
| 13 | केरल | 2018-19 | सिवागिरि - श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुनुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 69.47 | 0% |

**रामायण परिपथ**

**(राशि करोड रुपये में)**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | स्वीकृत वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि- | हाल ही में मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 95% |
| 2 | उत्तर प्रदेश | 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 | **67**% |

*******

**अनुबंध-** ख

आध्यात्मिक सर्किटों से संबंधित परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 02.08.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2294 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है।

1. स्वदेश दर्शन योजना **(राशि करोड रुपये में)**

| क्र. सं. | स्वीकृत वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | कार्यान्वयन एजेंसी का नाम | नवीनतम मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2016-17 | श्रावस्तीकुशीनगर और , कपिलवस्तु का विकास | 99.97 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 63 % |
| 2. | 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 95 % |
| 3. | 2016-17 | शाहजहांपुर-बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-कैराना-डोमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आजमगढ़ का विकास। | 65.61 | टेलिकम्यूनिकेशंस स कंस्लटेंटस इंडिया लिमिटेड | 95 % |
| 4. | 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर -सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिशरिख-भदोही का विकास | 67.51 | राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड | 94 % |
| 5. | 2016-17 | कालिंजर फोर्ट (बांदा)-मरहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा शहीद स्थरल (फतेहपुर) - मवाहर स्थरल (घोसी)-शहीद-स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.18 | डब्ल्यूएपीसीओएस लि. | 68 % |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 67 % |
| 7. | 2018-19 | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास | 12.03 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 42 % |
| 8. | 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपत्तन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 15.76 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 64 % |
| 9. | 2018-19 | मार्गस्थ सुविधाएं | 17.93 | हिंदुस्तान परिफेब लि. | 54 % |

**2 प्रसाद योजना** **(राशि करोड रुपये में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृत वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **अनुमोदित राशि-** | **कार्यान्वयन एजेंसी का नाम** | **भौतिक प्रगति** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | 2014-15 | मेगा पर्यटन परिपथ(चरण-ii) के रुप में मथुरा- वृंदावन का विकास | 14.93 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 100% |
| 2. | 2014-15 | जिला मथुरा,वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 9.36 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 100% |
| 3. | 2015-16 | वाराणसी-चरण-1 का विकास | 20.40 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | 100% |
| 4. | 2017-18 | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 10.72 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | ~95% |
| 5. | 2017-18 | प्रसाद योजना-चरण-II के तहत वाराणसी का विकास | 44.60 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | ~55% |
| 6. | 2018-19 | गोवर्धन, मथुरा, उ.प्र. में अवसंरचना सुविधा का विकास | 39.74 | उ.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम | ~50% |

**3. केंद्रीय एजेंसी को सहायता योजना** **(राशि करोड रुपये में)**

| **क्र.सं.** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **कार्यान्वयन एजेंसी का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2014-15 | वाराणसी/सारनाथ (सारनाथ में देशमुख स्तूप, सारनाथ में चौखंडी स्तूप,सारनाथ में | आईटीडीसी | 5.12 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | लालकन का मकबरा, और बनारस में मन महल स्मारकों का प्रदिप्तीकरण | | |
| 2. | 2017-18 | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों का प्रदिप्तीकरण<br>1. दशाश्वमेघशार घाट से दरभंगा घाट(300-मी स्केच)<br>2. तुलसीमानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग | 2.93 |
| 3. | 2019-20 | *राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या-1 और 2 पर नदी क्रूज के अवरोहण/आरोहण के (09) नौ प्रमुख बिंदुओं में जैटी के विकास के लिए सी एफ ए | आई डब्ल्यूएआई | 28.1 |

* कार्य में उत्तर प्रदेश में भी घटक शामिल है।

*******